हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, बुधवार 1 अप्रैल 2026



11 माजरा में महंत बलराज गिरि की बरसी पर लगाया...



12 पति-पत्नी ने पदक जीतकर बढ़ाया मान, गांव पहुंचने...




## खबर संक्षेप

### टाउन पार्क से बाइक चोरी का आरोपी काबू

**हिसार।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने टाउन पार्क से मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान रणधीर सिंह निवासी कैमरी रोड के रूप में हुई है। आरोपित को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जुगलान निवासी संजय ने 14 फरवरी को मोटरसाइकिल चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसकी जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी रणधीर सिंह निवासी कैमरी रोड काबू कर लिया। आरोपी पर पहले भी सदर थाना में मोटरसाइकिल चोरी का एक मामला दर्ज है।

### अग्रोहा मेडिकल में मनाई ओपी जिंदल की पुण्यतिथि

**हिसार।** महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में संस्थान के संस्थापक और समाजसेवी स्वर्गीय ओपी जिंदल की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। महाविद्यालय के ब्लड बैंक ने रक्तदान शिविर भी लगाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संयुक्त सचिव आरसी गुप्ता, गीता वत्स, डॉ. अलका छाबड़ा, डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. राजीव चौहान, डॉ. शमशेर मलिक, डॉ. सोनिया शर्मा, डॉ. प्रोमिला पांडे आदि थे।

### नशीले पदार्थ के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने दो महिला को चिट्टा समेत काबू किया है। उनकी पहचान बिमल उर्फ प्रीतो तथा कमला निवासी गढ़ी, तहसील नरवाना हाल वार्ड नंबर 14 बरवाला के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा तलाशी लेने पर बिमल के कब्जे से 7.46 ग्राम तथा कमला से 3.57 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। थाना बरवाला में दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों महिलाएं पूर्व में भी नशीला पदार्थ बेचने का कार्य करती हैं। दोनों को जांच के लिए थाना बरवाला के हवाले किया गया है।

## हिसार शहर समेत डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में भारी ओलावृष्टि, सरसों, गेहूं और चने की फसल को नुकसान

# आंधी के साथ बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि ने मचाई तबाही

मात्रश्याम, किरतान, खारिया, सीसवाला, काबरेल, डोभी, रावलसखुर्द, तेलनवाली, कुतियावली, शाहपुर, रावलवास, बालसमंद, बगला, सातरोड खुर्द और कैमरी, सिंघरान, गंगवा, धांसू, खोखा, खरकड़ी, ढाणी खान बहादुर सहित दर्जनों गांवों में ओलावृष्टि का सबसे ज्यादा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार

पश्चिमी विक्षोभ के चलते हिसार व आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को कुदरत ने जमकर कहर बरपाया। तेज अंधड़ के साथ बेमौसमी बारिश हुई और हिसार शहर व आदमपुर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में ओलावृष्टि हुई। हिसार जिले के अन्य कई क्षेत्रों में भी ओलावृष्टि से होने की सूचना है। ओलावृष्टि के कारण सरसों, गेहूं तथा चने की फसल को भारी नुकसान का अनुमान है। फसलों को हुए नुकसान से किसानों के चेहरे मुरझा गए हैं। मुख्य रूप से गांव कैमरी, सिंघरान, गंगवा, खारिया, डोभी, शाहपुर, बालसमंद, मात्रश्याम, किरतान, सीसवाला, रावलवास, काबरेल, गांव धांसू, खोखा, खरकड़ी, ढाणी खान बहादुर सहित अन्य गांव में ओलावृष्टि हुई है।

नारनौंद क्षेत्र के राजथल, बुड़ाना, राखी, गामड़ा, हैबतपुर में भी बेमौसमी बारिश से फसल को नुकसान का अनुमान है। आईएमडी के अनुसार हिसार शहर में 8 एमएम बारिश दर्ज की गई। मंगलवार को शहर का दिन और रात का तापमान क्रमशः 32.9 और 17.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 48 घंटे मौसम परिवर्तनशील बने रहने की संभावना जताई है। जानकारी के अनुसार मार्च का दूसरा और अंतिम पखवाड़े रबी सीजन की फसलों के लिहाज से ठीक नहीं रहा। कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ आई बारिश के कारण गेहूं व सरसों की फसलों को नुकसान जताया गया है। अखिल भारतीय किसान सभा ने बर्बाद फसलों की गिरदावरी करवा कर 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजे की मांग उठाई है।



बगला गांव में बारिशा से बिछी गेहूं की फसल।

### हिसार में फसल का ब्योरा

| फसल | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|
| गेहूं | 225.618 | 226.38 |
| चना | 11.828 | 12.29 |
| बाजरा | 2.498 | 3.73 |
| सरसों/तिलहन | 81.042 | 82.23 |
| चारा | 14.840 | 14.28 |

अनुमानित एरिया लाख हेक्टेयर में



### हिसार व आसपास के क्षेत्र में 3 दिन से हो रही बारिश

पिछले तीन दिनों से हिसार व आसपास के क्षेत्रों में बारिश का क्रम जारी है। मंगलवार की दोपहर से तेज अधड़ के साथ बारिश और ओलावृष्टि ने फसलों पर जमकर कहर बरपाया। ओलों की वजह से सरसों के दाने टूट गए हैं। अंधड़ के साथ बारिश से कई इलाकों में पक रही गेहूं की फसल बिछ गई। इससे उत्पादन पर असर पड़ने की संभावना है। किसानों को कहना है कि इस बारिश व ओलावृष्टि ने छह महीने की मेहनत पर पानी फेर दिया। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को पककर तैयार फसलों, कृषि मंडियों व धान मंडियों में अनाज व जींसों को ढककर रखने या सुरक्षित स्थान पर भंडारण की सलाह दी है।

### सिवानी क्षेत्र में ओलावृष्टि से सड़कें हुई सफेद

**सिवानी।** सिवानी क्षेत्र में बेमौसमी भारी बारिश और ओलावृष्टि होने के कारण सड़के सफेद हो गई, वहीं गेहूं, सरसों चना आदि की फसलों को भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार को करीब दोपहर ढाई बजे सिवानी अलावा क्षेत्र के कई गांवों में भंयकर ओलावृष्टि से किसानों के चेहरे मुरझाए हुए नजर आए। किसानों का कहना है कि सिवानी क्षेत्र के गांव में गेहूं की फसल जो पककर तैयार हो चुकी थी उसमें 70 से 80 प्रतिशत तक नुकसान होने की संभावना है। लगभग सभी गांव के खेतों में सरसों की फसल कट चुकी है परन्तु अभी तक निकालनी बाकी है। उसमें भी काफी नुकसान हुआ है इसी तरह चने की फसल भी कटी हुई जो रखी थी वह भी पूरी तरह खराब हो गई है।

### बरसात में भवन का हिस्सा गिरा, बाइक के हुए दो टुकड़े

तोशाम रोड स्थित आधार सेवा केन्द्र के भवन का एक हिस्सा मंगलवार शाम आई आंधी व बरसात के दौरान गिर गया। इससे एक बाइक टूट गया और उसके दो हिस्से हो गए। अन्य वाहनों को मामूली नुकसान पहुंचा है। बताया जा रहा है कि शहर के कुछ नागरिक आधार सेवा केन्द्र में काम के लिए आए हुए थे। इसी दौरान पहले ओलावृष्टि शुरू हो गई और बाद में तेज हवा चली। पहले ओलावृष्टि के कारण बाहर खड़े नागरिक भवन के अंदर की तरफ हो गए थे, अन्यथा कोई भी जानी नुकसान हो सकता था। भवन की छत का हिस्सा गिरने से एक बाइक के दो टुकड़े हो गए तथा पास खड़े अन्य वाहनों को मामूली नुकसान पहुंचा।



हिसार। काबरेल गांव में गिरे ओले।

### किसानों ने की विशेष गिरदावरी की मांग

**हिसार।** पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति ने मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हुई भारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई के लिए विशेष गिरदावरी कराने की मांग की है। समिति के राज्य कमेटी सदस्य एवं हिसार ब्लॉक-2 सचिव अनिल गोरछी ने कहा कि भारी ओलावृष्टि ने सरसों, चना, गेहूं और जौ की तैयार फसलें पूरी तरह बर्बाद कर दी हैं। प्रमुख प्रभावित गांव ओलावृष्टि का सबसे ज्यादा असर मात्रश्याम, किरतान, खारिया, सीसवाला, काबरेल, डोभी, रावलसखुर्द, तेलनवाली, कुतियावली, शाहपुर, रावलवास, बालसमंद, बगला, सातरोड खुर्द और कैमरी सहित आसपास के दर्जनों गांवों में देखने को मिला है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत विशेष गिरदावरी के आदेश जारी किए जाएं।

### फसल की क्वालिटी होगी प्रभावित

**नारनौंद।** पिछले दो दिनों से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने किसानों की चिंता को बढ़ा दिया है। किसान कुलदीप हैबतपुर, राकेश गामड़ा, प्रदीप राखी, अमित सिवाच, वीरेंद्र बिसला, दलशेर चहल, प्रदीप दुहान आदि ने बताया कि 2 दिन से लगातार बारिश हो रही है जिसके कारण गेहूं और सरसों की फसल में काफी नुकसान है। अगर बारिश ऐसे ही होती रही तो फसल पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी। बारिश के कारण फसल जमीन पर गिरने लगी है और वहां पर मौजूद पानी के कारण फसल का दाना काला होने लग जाएगा। इससे उसकी क्वालिटी में काफी गिरावट आ जाएगी। सरसों की फसल भी पककर तैयार हैं। कुछ किसान तो कटाई करने में लगे हुए हैं। फसल में काफी नमी हो चुकी हैं। जिसके कारण अनाज मंडी में उसको कोई खरीदने वाला भी नहीं मिलेगा।

### 3 को फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के चलते अगले 48 घंटे प्रदेश में एक दो स्थानों छुटपुट बूंदाबांदी तथा ज्यादातर स्थानों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। इसके अलावा 3 अप्रैल को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय 3-5 अप्रैल होने से पुनः हरियाणा एनसीआर दिल्ली के कई भागों में आंधी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके पीछे-पीछे एक नया पश्चिमी विक्षोभ 7 अप्रैल को सक्रिय होने से फिर से मौसम में बदलाव की संभावना बन रही है। कुल मिलाकर अप्रैल माह के पहले पखवाड़े में लगातार मौसम में बदलाव और तापमान में उतार चढाव देखने को मिलेगा।

### क्षतिपूर्ति पोर्टल शीघ्र खोलने की उठाई मांग

**हिसार।** अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष कपूर सिंह बगला, जिला सचिव सरबत सिंह पूनिया, जिला उपाध्यक्ष शमशेर नम्बरदार, सतबीर सिंह घायल कोषाध्यक्ष दिनेश सिवाच ने दावा किया कि हिसार जिला के सैकड़ों गांव में ओलावृष्टि व तेज बारिश से गेहूं, सरसों व चना की फसल मे भारी नुकसान हुआ है। किसान नेताओं ने सरकार से मांग की है कि क्षतिपूर्ति पोर्टल शीघ्र अति शीघ्र खोला जाए और प्रशासन बर्बाद फसलो की स्पेशल गिरदावरी करवाए। उन्होंने कहा कि खरीफ फसल अतिवृष्टि से तबाह हो गई थी, जिसका मुआवजा भी अभी तक नहीं मिला है। रबी फसल से किसान को कुछ आशा थी कि लेकिन इस बेमौसमी बारिश व ओलावृष्टि ने उसे भी बर्बाद कर दिया है।

# एनएचएआई की बढ़ी टोल दरें आधी रात से लागू

- नई दरों में 5 फीसद तक का इजाफा होने से टोल नाकों पर अलग-अलग वाहनों के लिए टैक्स में हुई 5-65 रुपये तक की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार

जिला हिसार में पड़ने वाले दोनों नेशनल हाइवे पर टोल से आवागमन अब महंगा हो गया है। हिसार जिले में पड़ने वाले सभी चारों टोल प्लाजा पर नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने मंगलवार की आधी रात से नए दरें लागू कर दी हैं। जिले में रामायण टोल, लांधड़ी, बाडोपट्टी तथा चौधरीवास टोल प्लाजा आते हैं। एनएचएआई की तरफ से नई दरें में 5 फीसद तक का इजाफा किया गया है। टोल नाकों पर अलग-अलग वाहनों के लिए 5-65 रुपये तक शुल्क में वृद्धि की गई है। हालांकि रामायण व लांधड़ी टोल पर कार व जीप के लिए टोल शुल्क को यथावत रखा गया है, इससे कार-जीप लेकर दोनों टोल से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए थोड़ी राहत है। चौधरीवास व बाडोपट्टी टोल प्लाजा पर अब छोटे और बड़े वाहनों को पहले के मुकाबले अधिक शुल्क देना पड़ेगा, जिससे वाहन चालकों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा।



### नए रेट लागू हो चुके

टोल प्लाजों से आवागमन करने वाले वाहनों के लिए एक अप्रैल से नए दरें लागू कर दी है, जोकि आधी रात से लागू हो चुकी है। **-पुनीत वर्मा,** कार्यालय सहायक, एनएचएआई, हिसार।

### चौधरीवास टोल प्लाजा (रुपये में)

| वाहन | सिंगल रेट | नया | डबल रेट | नया |
|---|---|---|---|---|
| कार-जीप | 70 | 75 | 105 | 110 |
| मिनी बस | 115 | 120 | 170 | 180 |
| बस व ट्रक | 240 | 255 | 360 | 380 |
| हैवी ट्रक | 260 | 275 | 395 | 415 |
| 4-6 चक्का वाहन | 375 | 395 | 565 | 595 |
| ओवरसाइज ट्रक | 460 | 485 | 685 | 725 |

### लांधड़ी टोल प्लाजा (रुपये में)

| वाहन | सिंगल रेट | नया | डबल रेट | नया |
|---|---|---|---|---|
| कार-जीप | 95 | 95 | 140 | 145 |
| मिनी बस | 155 | 155 | 230 | 235 |
| बस व ट्रक | 320 | 330 | 480 | 495 |
| हैवी ट्रक | 350 | 360 | 525 | 540 |
| 4-6 चक्का वाहन | 505 | 515 | 755 | 775 |
| ओवरसाइज ट्रक | 615 | 630 | 920 | 940 |

### बाडोपट्टी टोल प्लाजा (रुपये में)

| वाहन | सिंगल रेट | नया | डबल रेट | नया |
|---|---|---|---|---|
| कार-जीप | 120 | 130 | 185 | 195 |
| मिनी बस | 200 | 210 | 295 | 315 |
| बस व ट्रक | 415 | 435 | 620 | 655 |
| हैवी ट्रक | 450 | 475 | 675 | 715 |
| 4-6 चक्का वाहन | 650 | 685 | 975 | 1030 |
| ओवरसाइज ट्रक | 790 | 835 | 1185 | 1250 |

### रामायण टोल प्लाजा (रुपये में)

| वाहन | सिंगल रेट | नया | डबल रेट | नया |
|---|---|---|---|---|
| कार-जीप | 95 | 95 | 140 | 145 |
| मिनी बस | 150 | 155 | 230 | 235 |
| बस व ट्रक | 320 | 325 | 480 | 490 |
| हैवी ट्रक | 350 | 355 | 520 | 535 |
| 4-6 चक्का वाहन | 500 | 515 | 750 | 770 |
| ओवरसाइज ट्रक | 610 | 625 | 915 | 935 |

## मंडी आदमपुर में सड़क हादसे में कैंटर चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार

मंडी आदमपुर में सोमवार की देर रात हुए सड़क हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई। हादसा भादरा रोड पर लोडिड ट्रैक्टर के साथ हुई भिड़त के कारण हुआ। मृतक की पहचान 40 वर्षीय भूपसिंह निवासी ढाणी मोहब्बतपुर के रूप में हुई है। मृतक के शव का पोस्टमार्टल मंगलवार सुबह किया गया। मृतक के परिजनों के अनुसार सोमवार रात को भूपसिंह मंडी आदमपुर से अपने गांव ढाणी मोहब्बतपुर कैंटर लेकर जा रहा था। कुछ ही दूरी पर भादरा रोड पर सामने से आ रहे लोडिड ट्रैक्टर ने सीधे कैंटर में टक्कर मार दी। हादसे में भूप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत मंडी आदमपुर के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई।

# हाईवे पर नाकाबंदी कर 662 वाहनों को किया चेक, 145 वाहनों के काटे चालान

- अपराधों पर अंकुश के लिए हांसी पुलिस का विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हांसी

जिला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाकेबंदी कर व्यापक स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध वाहनों की जांच की तथा वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, बीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया। चेकिंग के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा वाहनों की सघन तलाशी ली गई, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध वस्तु, नशीले पदार्थ, हथियार या संदिग्ध सामग्री की तस्करी को प्रभावी रूप से रोका जा सके। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा 662 वाहनों की जांच कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 145 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि इस प्रकार के विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना, अवैध कारोबार पर रोक लगाना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान जारी रहेंगे।



**हांसी।** चेकिंग अभियान के दौरान वाहनों को चेक करते पुलिस अधिकारी।

**समारोह** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विवि में नव-प्रशिक्षित पशु चिकित्सकों ने ग्रहण की शपथ

# शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं : डॉ. रोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|हिसार

लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा वर्ष 2020 बैच के 61 नव-प्रशिक्षित स्नातक विद्यार्थियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राएं और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज ने की, जबकि केरस कंपनी के जीएम डॉ. दीपक कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत डॉ. ज्ञान सिंह द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने नव-प्रशिक्षित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज ने नव-प्रशिक्षित स्नातकों को शपथ दिलाई तथा इंटर्नशिप पूर्णता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा का बधाई संदेश भी पढ़कर सुनाया गया।

मुख्य अतिथि अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सतत एवं जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें निरंतर सीखना और समय के अनुसार स्वयं को विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पशु चिकित्सकों की भूमिका समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां गरीब एवं छोटे किसानों की आजीविका काफी हद तक पशुधन पर निर्भर करती है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल, मानव संसाधन एवं प्रबंधन निदेशिका डॉ. सोनिया सिन्धु,आई.पी.वी.एस. निदेशक डॉ. पवन कुमार, जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. निलेश सिन्धु सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. तरुण गुप्ता, डॉ. सोनू ने किया तथा अंत में डॉ. देवेन्द्र सिंह बिढान ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।



**हिसार।** शपथ ग्रहण करते नव-प्रशिक्षित पशु चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### तीन विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्ति

विशेष अतिथि के रूप में बोलते हुए केरस लैबोरेट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के जीएम डॉ. दीपक कुमार ने अपनी प्रयोगशाला की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर केरस लैबोरेट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वर्ष 2020 बैच के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यार्थियों को उनके क्लिनिकल विषयों में प्राप्त अंकों के आधार पर छात्रवृत्ति प्रदान करने की घोषणा की गई। इनमें तरुण (147.75 अंक), रिद्म (147.30 अंक) एवं ऋषभ (147.25 अंक) को मेरिट के आधार पर सम्मानित किया गया।

# 8 साल से फरार 5 हजार रुपये का इनामी अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जिला पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए स्टाफ -1 ने एक चोरी के मामले में पिछले आठ साल से फरार चल 5 हजार रुपये के इनामी अपराधी को काबू किया है। आरोपी की पहचान गांव पेटवाड़ व हाल मोची मोहल्ला निवासी सोनू के रूप में हुई है।

आरोपी के खिलाफ राजस्थान के मटसीसर थाना में वर्ष 2017 में चोरी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था और वह तब से फरार चल रहा था और आरोपित की गिरफ्तारी के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा 8 दिसंबर को आरोपी सोनू पर 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए स्टाफ -1 हांसी की सतर्कता एवं तत्परता के चलते आरोपी सोनू को काबू कर प्रारंभिक पूछताछ के उपरांत आरोपी को आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए राजस्थान पुलिस के हवाले किया जाएगा।



**हांसी।** इनामी बदमाश पुलिस गिरफ्त में।



# अजय ने नए प्रोजेक्ट का किया ऐलान सत्य घटना पर होगा आधारित

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच मंगलवार अजय ने अपने नए प्रोजेक्ट का ऐलान सोशल मीडिया पर किया है। अजय का यह आगामी प्रोजेक्ट सत्य घटना पर आधारित होगा। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अजय देवगन और दानिश देवगन मिलकर करेंगे। इसका निर्देशन अंशुल कुमार शर्मा करेंगे। हालांकि, यह जानकारी नहीं दी है कि यह एक फिल्म है या सीरीज। अजय ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने अगले प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए लिखा, 'हर किसी की एक सीमा होती है, उसकी तो पूरी दुनिया में फैल गई।' अजय ने यह भी बताया कि उनका अगला प्रोजेक्ट सच्ची घटनाओं से प्रेरित होगा। यह 2 अप्रैल को रिलीज हो रही है।

लाइफ Style



# कुब्रा
## खुशी है मुझे मारा नहीं गया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री कुब्रा सैत फिल्मों से लेकर वेब सीरीज तक और बड़े पर्दे से लेकर ओटीटी तक लगातार काम कर रही हैं। वो कई बड़ी फिल्मों और सीरीज का हिस्सा रही हैं। अब अभिनेत्री शाहिद कपूर की फर्जी 2 को लेकर चर्चाओं में हैं। शो में कुब्रा फिर नजर आएंगी।

इस बीच अभिनेत्री ने शो को लेकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने फर्जी 2 को हां कहा था? एक बातचीत के दौरान कुब्रा ने बताया कि उन्होंने 'फर्जी 2' के लिए तुरंत हामी भर दी थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मैं बस इतना कह सकती हूं कि मैंने सीजन एक और सीजन दो के लिए साइन कर लिया था। इसलिए, आपको इसे देखना ही होगा, मैं कसम खाती हूं। मेकर्स ने मुझे बताया कि वे सीजन दो के लिए एक किरदार लिख रहे हैं। मैंने कहा, 'ठीक है।' उन्होंने कहा, 'आपको पहले सीजन एक करना होगा।' मैंने कहा, 'ठीक है।' बस बात खत्म और कुछ सोचने की जरूरत नहीं थी। प्रोजेक्ट पर गर्व जताते हुए कुब्रा ने कहा कि शो जिस तरह से बना है, उस पर मुझे बहुत गर्व है और मैं दूसरे सीजन के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे बस इस बात की खुशी है कि मुझे मारा नहीं गया। मैंने लोगों को मारा, लेकिन मैं बच गई। मैं सीक्वल फिल्मों और उनसे जुड़ी उम्मीदों को लेकर कोई दबाव नहीं लेती। ये राज और डीके का काम है, सुमन कुमार का काम है और किशोर का काम है। उन्हें करने दीजिए। मैं इन बातों की चिंता नहीं करती। समय के साथ अपने नजरिए में आए बदलाव पर एक्ट्रेस ने कहा कि शायद जब मैं छोटी और अनुभवहीन थी, तब मैंने दबाव महसूस किया होगा, जब मुझे लगता था कि पूरी दुनिया मेरे इर्द-गिर्द घूमती है।

हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी की तीसरे पार्ट की शूटिंग खत्म

**लॉस एंजिल्स।** ड्वेन जॉनसन जिन्हें फैंस प्यार से 'द रॉक' भी बुलाते हैं। ड्वेन जॉनसन ने 'जुमानजी' की तीसरी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही ड्वेन ने 'जुमानजी 3' के सेट की कई बीटीएस तस्वीरें भी शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने जानकारी देते हुए लिखा, 'मेरे पूरे कॅरियर में यह सबसे मजेदार और क्रिएटिव अनुभवों में से एक था। 'मैं बहुत खुशकिस्मत वाला हूं कि पिछले 10 साल से ज्यादा समय तक इस बेहतरीन कास्ट के साथ काम करने का मौका मिला।



# तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए मिला नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** इंटीरियर्स, द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, द एज ऑफ इनोसेंस और सिक्स डिग्रीज ऑफ सेपरेशन जैसी फिल्मों में अभिनय कर चुकीं हॉलीवुड अभिनेत्री मैरी बेथ हर्ट का 79 साल की उम्र में निधन हो गया। मैरी बेथ हर्ट ने अपने लंबे कॅरियर में कई तरह की फिल्मों और सीरियल्स में काम किया। क्राइम्स ऑफ द हार्ट, ट्रेलावनी ऑफ द वेल्स और बेनेफैक्टर्स में उनके अभिनय के लिए उन्हें तीन बार टोनी पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन मिला। उन्होंने द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू गार्प, यंग एडल्ट, द एक्सोरसिज्म ऑफ एमिली रोज, द लेडी इन द वाट' जैसी फिल्मों में भी काम किया। अपने पति पॉल श्रैडर के साथ उन्होंने एफ्लिक्शन और लाइट स्लीपर जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया। टेलीविजन में उन्होंने 'लॉ एंड ऑर्डर' जैसी सीरीज में छोटी भूमिकाएं कीं।



# मिस वर्ल्ड 2026 का करेंगी प्रतिनिधित्व

**मुंबई।** दुनिया के सबसे मशहूर ब्यूटी पेजेंट्स में से एक का काउंटडाउन अब शुरू हो चुका है। मिस वर्ल्ड 2026 का 75वां संस्करण पहले से कहीं ज्यादा शानदार होने वाला है। आयोजकों ने इस बात की जानकारी दी है कि पेजेंट का आयोजन कब और कहां होगा। मिस वर्ल्ड 2026 का ऐतिहासिक संस्करण वियतनाम में आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरुआत 9 अगस्त को होगी और 5 सितंबर को एक समापन समारोह के साथ इसका अंत होगा। यह घोषणा मिस वर्ल्ड वियतनाम के समापन समारोह के दौरान जूलिया मोर्ले ने स्थानीय आयोजकों के साथ मिलकर की। इस साल भारत का प्रतिनिधित्व उज्जैन की फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल करेंगी। उन्होंने इसके लिए पहले ही अपना उत्साह जाहिर कर दिया है।



# मैं एक्टर नहीं हूं का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आगामी फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ इस फिल्म में चित्रांगदा सतरूपा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर देखते हुए यह फिल्म किसी फिल्म से ज्यादा डॉक्यूमेंट्री जैसी लग रही है। प्रोड्यूसर आदित्य कृपलानी ने अपने यूट्यूब चैनल पर फिल्म का टीजर रिलीज किया है। साथ ही इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट साझा किया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या कभी एक्टर बनने का सपना देखा है? 'मैं एक्टर नहीं हूं' फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सतरूपा लीड रोल में है। यह फिल्म एक ऐसे बैंकर की कहानी है, जो दो देशों-भारत और जर्मनी में रहते हुए एक एक्टर से एक्टिंग सीखता है।

टीवी मसाला



# नया कप्तान आया है! साकिब की वेब सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** साकिब सलीम और सिद्धार्थ निगम की आगामी सीरीज 'कप्तान' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हो गया है। इस क्राइम सस्पेंस सीरीज का ट्रेलर काफी दिलचस्प है, जिसने इसके प्रति दिलचस्पी बढ़ा दी है। साकिब सलीम की इस सीरीज में पावर, पॉलिटिक्स और पुलिस महकमे की अंदरुनी चीजों को दिखाने की कोशिश की गई है। सीरीज में पुलिस और अपराधियों के बीच टकराव और गैंगवार को दिखाया गया है। सीरीज में साकिब सलीम खाकी वर्दी में दिखे हैं। वे एसएसपी समरदीप के किरदार में नजर आएंगे। सीरीज में लोकप्रिय सीरियल 'एफआईआर' में इंस्पेक्टर चंद्रमुखी चौटाला का रोल निभाकर तारीफ बटोरने वाली एक्ट्रेस कविता कौशिक भी अहम रोल में नजर आई हैं। इस सीरीज में भी कविता ने खाकी वर्दी पहनी है। बता दें कि 'कप्तान' सीरीज 3 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होगी। सीरीज की कहानी ज्वालाबाद तहसील पर बेस्ड है। इस वेब सीरीज में सिद्धार्थ निगम, वरुण बडोला, अंजुम शर्मा, आरिफ जकारिया और पूजा गौर जैसे सितारे भी नजर आए हैं। सीरीज के ट्रेलर में दमदार डायलॉग सुनने को मिले हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसकी कहानी भी कमाल होने वाली है। क्राइम सीरीज पसंद करने वालों को यह अच्छी लगेगी।

## सुनील को मंच पर किया गया बेइज्जत



**नई दिल्ली।** अपनी बेबाकी और बयानों को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहने वाले कॉमेडियन सुनील पाल एक बार फिर चर्चा में हैं। लेकिन, इस बार वो अपने किसी बयान की वजह से नहीं, बल्कि अपने एक वीडियो के चलते सुर्खियों में हैं। इस वीडियो में सुनील पाल को एक कार्यक्रम के मंच पर बोलने का मौका नहीं दिया जाता है। वो बार-बार माइक पर बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें माइक से दूर कर दिया जाता है। वीडियो सामने आने के बाद अब लोग कॉमेडियन के इस अपमान पर नाराजगी जता रहे हैं। वीडियो एक मुशायरा-कवि सम्मेलन का मालूम पड़ता है। वीडियो में दिखता है कि सुनील पाल को पहले मंच पर बुलाया जाता है और फिर उन्हें फूलों का एक गुलदस्ता देकर सम्मानित किया जाता है। इसके बाद सुनील पाल माइक पर कुछ बोलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें स्टेज से वापस जाने के लिए कहा जाता है। वीडियो में सुनील पाल बार-बार ये कहते सुनाई देते हैं कि 'शुक्रिया तो कहने दो।'लेकिन स्टेज पर उनके साथ मौजूद संचालक ऐसा नहीं होने देते, वो उन्हें बोलने से रोकते हुए स्टेज से जाने के लिए और बैठने के लिए कहते हैं।

# 'झूठा कहीं का' की रिलीज के पूरे हुए 47 साल, नीतू ने ऋषि को किया याद...

**मुंबई।** नीतू कपूर और ऋषि कपूर की फिल्म 'झूठा कहीं का' की रिलीज को पूरे 47 साल हो चुके हैं। इस फिल्म में नीतू और ऋषि ने एक साथ अभिनय किया था। पति ऋषि के साथ अपनी इस फिल्म को याद करते हुए नीतू ने एक इमोशनल पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। नीतू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'झूठा कहीं का'की एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में नीतू कपूर और ऋषि कपूर के साथ दिख रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'झूठा कहीं का के 47 साल।' यह फिल्म 30 मार्च 1979 को रिलीज हुई थी।



### 1979 में हुई थी रिलीज

'झूठा कहीं का' 1979 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रवींद्र पीपत ने किया था और निर्माण रवि मल्होत्रा ने किया। इस फिल्म का संगीत आर.डी. बर्मन ने तैयार किया था। गीत गुलशन बावरा ने लिखे थे। साउंडट्रैक में 'झूठा कहीं का' और 'दिल में जो मेरे समा गई' जैसे गाने शामिल हैं। इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में ऋषि कपूर, नीतू कपूर, राकेश रोशन और प्रेम चोपड़ा हैं।

### फिल्म की कहानी

'झूठा कहीं का'एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म है। इसकी कहानी अजय (ऋषि कपूर) नाम के एक लड़के के इर्द-गिर्द घूमती है। अजय रेखा (नीतू) को प्रभावित करने के लिए खुद को अमीर बताने का झूठ बोलता है। फिल्म में झूठ छिपाने की कोशिशों के दौरान बहुत सारी गलतफहमियां और मजेदार स्थितियां बनती हैं। राकेश रोशन विजय की भूमिका में हैं, जो कहानी को और भी रोचक बनाते हैं। प्रेम चोपड़ा खलनायक की भूमिका में हैं।

# रणबीर ने समझाया मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ

**नई दिल्ली।** साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक 'रामायण'की हर एक अपडेट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यही कारण है कि जबसे मेकर्स ने फिल्म से 2 अप्रैल को राम का लुक रिवील करने की घोषणा की है, तबसे फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इससे पहले रणबीर कपूर निर्देशक नितेश तिवारी और निर्माता नमित मल्होत्रा के साथ लॉस एंजिल्स पहुंचे। यहां एक चुनिंदा आईमैक्स स्क्रीनिंग में 'रामायण'की फिल्म की एक झलक दिखाई गई। इस दौरान तीनों ने बात भी की और सवालों के जवाब भी दिए। रणबीर कपूर ने फिल्म में अपने किरदार और मर्यादा पुरुषोत्तम का अर्थ भी समझाया। रणबीर ने भगवान राम को केवल एक पौराणिक कैरेक्टर या चेतना के रक्षक के रूप में ही नहीं, बल्कि विदेशी दर्शकों को मर्यादा पुरुषोत्तम शब्द से भी परिचित कराया, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष। रणबीर ने कहा, 'राम सदियों से और उसके बाद भी दुनिया भर के अरबों लोगों के मार्गदर्शक रहे हैं। वो हमें विपत्तियों के संदर्भ में मानवीय भावना का ज्ञान कराते हैं। वो करुणा, साहस, धर्म और क्षमा के प्रतीक हैं। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, जिसका अर्थ है आदर्श पुरुष।'लॉस एंजिल्स में हुए इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इनमें कुछ में जहां इवेंट के दौरान रणबीर, नितेश तिवारी और नमित मल्होत्रा बात करते नजर आ रहे हैं तो वहीं कई फोटोज में फैंस ने फिल्म के पोस्टर के साथ तस्वीर क्लिक कराते हुए फिल्म में दिखाई गई झलक की भी प्रशंसा की है।





### सेंसर से मिली मंजूरी

2 अप्रैल को दिखाए जाने वाली फिल्म की झलक को सेंसर बोर्ड से भी मंजूरी मिल गई है। मेकर्स का कहना है कि फिल्म से राम की झलक 2 अप्रैल को सामने आएगी। अब सीबीएफसी से मंजूरी मिलने वाले एक सर्टिफिकेट की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दिख रहा है कि 'राम' शीर्षक वाली पहली झलक को 2 मिनट 38 सेकंड की अवधि के साथ प्रमाणित किया गया है। इसे यू कैटेगरी के साथ पास किया गया है।

### दो पार्ट में रिलीज होगी रामायण

नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी फिल्मों में से एक बताई जा रही है। इसे काफी भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम के किरदार में दिखाई देंगे। जबकि सीता के रूप में साई पल्लवी, रावण के रूप में यश, हनुमान के रूप में सनी देओल और लक्ष्मण के रूप में रवि दुबे जैसे कलाकार नजर आएंगे। 'रामायण' दो पार्ट में रिलीज की जाएगी।

## कान की दुर्लभ बीमारी की वजह से नहीं लिया नया प्रोजेक्ट

# अलका को सुनने में दिक्कत, 2 साल से नहीं गा पा रहीं गाना

### आखिरी गाना

उनकी आवाज आखिरी बार इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' में सुनी गई थी, जो 2024 में रिलीज हुई थी, जिसमें उन्होंने ए.आर. रहमान के गाने 'नरम कालजा' में गाया था। इस साल की शुरुआत में, अलका को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पहले से इस सम्मान की उम्मीद थी। इस पर उन्होंने कहा, 'सच कहूं तो नहीं। जब भी यह मिले, मैं इसका स्वागत करती हूं।'

### कान की दुर्लभ बीमारी

अलका याग्निक को एक दुर्लभ कान की बीमारी है, जिसे सेंसरीन्यूरल हियरिंग लॉस कहते हैं। इस कारण उन्हें सुनाई देना बंद हो गया है। यह समस्या एक वायरल अटैक के कारण होती है, जिससे कान की नसें प्रभावित होती हैं। सिंगर ने सोशल मीडिया पर इस बारे में पहले ही जानकारी दी थी। साथ ही लोगों को तेज आवाज वाले म्यूजिक और हेडफोन के ज्यादा इस्तेमाल से बचने की सलाह दी।

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपनी हेल्थ को लेकर नया अपडेट शेयर किया है। उन्होंने दो साल पहले बताया था कि वो सुन नहीं पा रही हैं और उन्हें कान की बीमारी हो गई है। अब खुद अपडेट देकर बताया है कि कैसी हैं। साल 2024 में, दिग्गज सिंगर अलका याग्निक ने अपने फैंस को चौंकाते हुए खुलासा किया कि वह एक दुर्लभ कान की बीमारी से जूझ रही हैं, जिसके चलते उन्होंने कुछ समय के लिए सबसे दूरी बना ली थी। अब, अपने स्वास्थ्य के बारे में अलका ने एक नया अपडेट शेयर किया है और सिंगर ने ये भी बताया कि वह अभी भी इस समस्या से पीड़ित हैं। एक इंटरव्यू में सिंगर अलका याग्निक ने अपनी कान से जुड़ी बीमारी के बारे में अपनी लड़ाई के बारे में बताया। रिपोर्ट में बताया गया कि सिंगर इस बारे में बात करने से हिचकिचा रही थीं, और उन्होंने कहा कि वह अभी भी इस बीमारी से जूझ रही हैं। इसी बीमारी के कारण उन्होंने कोई नया प्रोजेक्ट नहीं लिया है।*



### अलका के हिट गाने

अलका ने भारतीय सिनेमा के कुछ बेहद हिट गानों में अपनी आवाज दी है, जैसे मोहरा का टिप टिप बरसा पानी, कयामत से कयामत तक का ऐ मेरे हमसफर, हम दिल दे चुके सनम का चांद छुपा बादल में और तमाशा का अगर तुम साथ हो।

### दो साल पहले बताई थी कान की बीमारी

2024 में, अल्का ने इंस्टाग्राम पर यह जानकारी शेयर की कि एक 'अचानक वायरल संक्रमण' के कारण उन्हें 'एक दुर्लभ कान की बीमारी' का पता चला है। उन्होंने लिखा, 'मेरे सभी फैंस, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों को। कुछ हफ्ते पहले, जब मैं एक फ्लाइट से बाहर निकली, तो अचानक मुझे लगा कि मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही हूं। इस घटना के बाद के हफ्तों में मैंने हिम्मत जुटाई और अब मैं अपने उन सभी दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं क्यों गायब हूं। मेरे डॉक्टरों ने इसे एक दुर्लभ सेंसोरिन्यूरल नर्व हियरिंग लॉस बताया है, जो एक वायरल संक्रमण के कारण हुआ है... इस अचानक और गंभीर समस्या ने मुझे पूरी तरह से चौंका दिया है।'

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता नियमों के उल्लंघन करने वालों पर निगम सख्त

**हिसार।** शहर को स्वच्छ और साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम ने स्वच्छता नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया हुआ है। इसी कडी में एएसआई सन्नी ने सेक्टर 27-28, सातरोड क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान एक ट्रैक्टर संचालक को खुले में सेफ्टी टैंक का मलबा खाली करते हुए पकड़ा। यह कार्य नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया, जिस पर संबंधित चालक के खिलाफ नियमानुसार जुर्माना लगाया गया।

### जिओ और जीने दो की राह पर चले विश्व

**हांसी।** तेरापन्थ युवक परिषद के मीडिया प्रभारी व आम आदमी पार्टी के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सचिन जैन ने महावीर जयंती की बधाई देते हुए कहा कि आज जिस प्रकार के हालात विश्व में बने हुए है ऐसे में सभी को भगवान महावीर के जिओ और जीने दो की राह पर चल कर शांति लाने का प्रयास करना चाहिए। आज इंसान ही इंसान का दुश्मन बनता जा रहा है और निरंतर हिंसा बढ़ रही है और जिसके लिए हर पक्ष एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे है ऐसे में भगवान महावीर के उद्घोष देखे अपने अपने दोष को हर जन हर देश को खुद पर लागू करना चाहिए।

### राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य हुए सेवानिवृत्त

**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय बरवाला के प्राचार्य डॉ. सत्यपाल सिंह अपने पद से सेवानिवृत्त हो गए है। इस अवसर पर महाविद्यालय के टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ द्वारा उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त डॉ. सत्यपाल सिंह ने उच्चतर शिक्षा विभाग में 33 वर्षों से अधिक समय तक प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व, अनुशासन और समर्पण से महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

### जु-जुत्सु में हिसार ने 34 मेडल जीते

**हिसार।** नरवाना के आर्य बाल वरिष्ठ माध्यमिक में आयोजित हुई हरियाणा कप जु-जुत्सु प्रतियोगिता-2026 में, 34 मेडल के साथ हिसार के खिलाड़ियों ने फर्स्ट ट्रॉफी पर कब्जा किया। हिसार जु-जुत्सु एसोसिएशन के महासचिव सचिन वर्मा ने बताया कि हमारे प्लेयर नेशनल लेवल तक हिसार में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। टीम मैनेजर सनी वर्मा और आकाश कुमार और टीम कोच रुद्र शर्मा, अजय कुमार ने हिसार टीम को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बधाइयां दीं।

### महावीर जयंती पर निकाली प्रभातफेरी

**हांसी।** भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष में आचार्य श्री महाश्रमण की साध्वी श्री भाग्यवती के सान्निध्य में एक प्रभातफेरी का आयोजन कर अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया। प्रभातफेरी प्रातः 5.30 बजे श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा भवन से प्रारम्भ होकर शहर के प्रमुख बाजारों किला बाजार, चौपटा बाजार, सदर बाजार, प्रताप बाजार, धौला कुआं, डडल पार्क, लाल सड़क, शहीदी स्मारक होते हुए वापिस श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा भवन पर सम्पन्न हुई।

## शिव महापुराण कथा मनुष्य को सही ढंग से जीवन जीना सिखाती है

# शिव महापुराण कथा सुनना अत्यंत सुखदायी व कल्याणकारी: कृष्ण




हिसार। भारत माता मंदिर में शिव महापुराण कथा करते कथा व्यास पंडित कृष्ण शरण शास्त्री व श्रद्धालु।

***भारत माता मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा में विभिन्न क्षेत्रों से उमड़े श्रद्धालु***

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

समाजसेवी स्व. चौ. फतेहचंद, स्व. माता हरबंस कौर एवं स्व. विजय शर्मा की स्मृति में भारत माता मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। वृंदावन से पधारे कथा व्यास पंडित कृष्ण शरण शास्त्री महाराज ने श्री शिव महापुराण कथा का महत्व समझाते हुए कहा कि यह कथा सुनना अत्यंत सुखदायी और कल्याणकारी है। उन्होंने कहा कि शिव महापुराण कथा बहुआयामी है और यह मनुष्य को सही ढंग से जीवन जीना सिखाती है। श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित कृष्ण शरण शास्त्री ने समझाया कि जिस इंसान पर परमात्मा की कृपा होती है, उसे ही श्री रामकथा, श्रीमद भागवत कथा या श्री शिव महापुराण कथा सहित अन्य धार्मिक कथाएं सुनने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि चाहे इंसान कितनी कोशिश कर ले या कितना ही मन बना ले लेकिन परम पिता परमात्मा की अनुकंपा के बिना उसे कथा श्रवण करने का सौभाग्य नहीं मिलता। पंडित कृष्ण शरण शास्त्री ने कहा कि यह हिसारवासियों का सौभाग्य है कि उन्हें भारत माता मंदिर के प्रांगण में श्री शिव महापुराण कथा सुनने का अवसर मिला है।

### ये रहे मौजूद

श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन भारत माता मंदिर में लता सिंगल, मनोरमा गुप्ता, प्रवीन अरोड़ा, सुनीता रहेजा, सुनीता शर्मा, मधु बंसल, उषा ठकराल, बिमला कथूरिया, अनिता चौधरी, इंदु गोयल व कमलेश गोयल विशेष रूप से उपस्थित रही। इनके साथ ही भारत माता मंदिर के संरक्षक अनिल महत्ता, पुजारी पंडित रामकिशोर शुक्ल, आचार्य संतोष शास्त्री, गोविन्द मधु, विवेक पाठक, सुभाष यादव व अशोक सिंधवानी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### माजरा में महंत बलराज गिरि की बरसी पर लगाया भंडारा

**नारनौंद।** माजरा गांव में महंत बलराज गिरी की चौथी बरसी के उपलक्ष पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं में प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार को रामायण का अखंड पाठ भी किया गया था। गद्दीआसीन महंत दशहरा गिरी महाराज ने बताया कि बाबा बलराजगीरी की बरसी के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया। इस दिन को सभी श्रद्धालु धूमधाम से मनाते हैं। इस अवसर पर भव्य आरती-पूजन भी किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस आयोजन में बाबा बलराजगीरी की पूजा-अर्चना के साथ-साथ रामायण पूजन, भजन और कीर्तन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों का सहयोग रहा। सैकड़ों की संख्या में गिरी समाज के साधु संत और हजारों की संख्या में भक्तजनमौजूद रहे। इस अवसर पर साहिल मौन, अक्षय मौन, सरपंच रामकेश माजरा, सतीश, सोमबीर, हरपाल डांगी, विनय, लक्ष्य, योगेश, मोहित आदि मौजूद रहे।



नारनौंद। गांव माजरा में आयोजित विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु।



हांसी। अध्यात्मिक सत्संग चर्चा में स्वामी बोधानंद सरस्वती एवं नीलम दीदी के साथ स्कूली छात्राएं।

## सत्संग मनुष्य को देता है सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा: बंसल

- सनातन धर्म कन्या विद्यालय में अध्यात्मिक सत्संग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी बोधानंद सरस्वती एवं नीलम दीदी के द्वारा एक अध्यात्मिक सत्संग चर्चा का आयोजन किया गया। इस सत्संग का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, अच्छे संस्कारों तथा सकारात्मक जीवन शैली के प्रति प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं भजन से की गई, जिससे वातावरण भक्तिमय एवं शांतिमय हो गया। सत्संग के दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों को सत्य, अहिंसा, अनुशासन, परिश्रम एवं माता-पिता तथा गुरुओं के सम्मान के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय की प्राचार्या रेणु बंसल व एसडी मॉडर्न स्कूल की प्राचार्या रितु सिंह ने कहा कि सत्संग मनुष्य को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यदि देश की युवा पीढ़ी सही मार्ग पर चले और नैतिक मूल्यों को अपनाए तो वह समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार अग्रवाल, प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### *हर्षोल्लास से मनाया स्कूल का वार्षिक उत्सव*

*हिसार। डिवाइन हाई स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन समारोह हर्षोल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। स्कूल प्राचार्य राहुल सैनी ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड, तथा मेयर प्रवीन पोपली उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, चेयरमैन अजय गावड़, वरिष्ठ नेता रामचंद्र गुप्ता, लोकेश असीजा, दीपक अग्रवाल, अनिल कुकरेजा, हेमंत कुमार, महेंद्र कुमार, सुरेश सैनी की उपस्थिति ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया तथा मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।*

## आरपीएस स्कूल में परीक्षा परिणाम किए घोषित

- वार्षिक परिणाम के साथ वितरित किए रिपोर्ट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल में मंगलवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। अभिभावक शिक्षक बैठक में विद्यार्थियों को उनके वार्षिक परीक्षा परिणाम के तहत रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन और व्यवहार के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। रिपोर्ट कार्ड मिलने के बाद अभिभावकों के चेहरे पर संतोष दिखाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या एकता सचदेवा ने कहा कि पीटीएम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिसमें अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक डॉ संदीप देशवाल ने कहा कि उनके सहयोग से ही विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है।



हांसी। पीटीएम में अभिभावकों को बच्चों के बारे में जानकारी देते स्कूल अध्यापिका।

### शिविर में 160 मरीजों के आंखों की जांच

**हांसी।** लायन्स क्लब द्वारा मंगलवार को लायन सेवा सदन में बजरंग आश्रम सेवा समिति के प्रधान लायन भुवनेश इलावादी के सहयोग से नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में पूर्व जनपद अध्यक्ष लायन राजीव अग्रवाल एवं वनिता अग्रवाल दिल्ली ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वैन्यू आई अस्पताल दिल्ली के चिकित्सकों द्वारा नेत्र रोगियों की जांच की गई। शिविर में 160 रोगियों की जांच की गई। नेत्र जांच के उपरान्त 28 रोगियों को सफेद मोतियाबिंद आप्रेशन के लिए दिल्ली ले जाया गया। जहां नेत्र रोगियों का बिना टांके वाले ऑपरेशन किए गए। इस अवसर पर प्रधान संजय बंसल, पुनित बंसल, रॉबिन मुंजाल, सचिव जुगल ग्रोवर, कैशियर अशोक भूटानी, सुरेश बंसल, अशोक बंसल, गोपाल कृष्ण मुंजाल, ज्ञान पोपली आदि मौजूद रहे।

## हमें अपने बच्चों को भक्त प्रह्लाद जैसा बनाना चाहिए : राजदास महाराज

- मिल गेट में भागवत कथा का चतुर्थ दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्रीकृष्ण प्रणामी महिला सत्संग मंडल, मिल गेट के तत्वाधान में अटल चौक, कैप्टन आर.सी. स्कूल रोड पर चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस बारिश के बीच कृष्ण जन्म धूमधाम से मनाया। पंडाल को रंगीन गुब्बारों से सजाया गया। भागवत वाचस्पति श्रीश्री 108 स्वामी राजदास महाराज (कैमरी आश्रम) ने अजामिल की कथा सुनाते हुए कहा कि अगर हम परमात्मा का नाम किसी बहाने से लेंगे तो भी हमारा कल्याण हो जाएगा। अजामिल ने अपने पुत्र के नाम के बहाने परमात्मा को याद किया तो उसका उद्धार हो गया। अतः हमें अपने बच्चों के नाम भी ऐसे रखने चाहिए जिनका सार्थक अर्थ हो। भक्त प्रह्लाद व होलिका का प्रसंग सुनाते हुए स्वामी राजदास ने कहा कि हमें अपने बच्चों को भक्त प्रह्लाद जैसा बनाना चाहिए जिसने अपने अटूट विश्वास से परमात्मा को खंभे से प्रकट कर दिया और बताया कि होलिका ने प्रह्लाद को जलाना चाहा तो स्वयं जलकर राख हो गई। जो दूसरों का बुरा करता है, उसका खुद ही बुरा होता है।



हिसार। भागवत कथा में स्वामी राजदास महाराज द्वारा गाए गए भजन पर झूमते श्रद्धालु।



### रक्तदान शिविर में 97 यूनिट रक्त एकत्रित

उकलाना। भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर गुरु सेवक परिवार शाखा उकलाना द्वारा जैन स्थानक में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 97 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक गर्ग रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता निपुण गोयल ने की। इस अवसर पर एसएस जैन सभा उकलाना का विशेष सहयोग रहा। इससे पूर्व सभा द्वारा महावीर जयंती के शुभ अवसर पर प्रातः 5:00 बजे पूरे नगर में भगवान महावीर स्वामी के जयकारों के साथ भव्य प्रभात फेरी भी निकाली गई। इस अवसर पर गुरु सेवक परिवार से प्रधान एडवोकेट सुमित जैन, नितिन जैन, विकी जैन, संजीव बंसल, कुणाल शर्मा परवीन जैन, नवीन जैन, अश्विनी मित्तल, सुगन गोयल, सुरेश गुप्ता, संजय जैन आदि उपस्थित रहे।

## छात्रों ने दी ऑपरेशन सिंदूर की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आशा हाई स्कूल, मंगाली आकलान में स्कूल का वार्षिक समारोह उमंग-2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्वतोरोही एवं ओएसडी अनीता कुंडू, सतीश सहगल व रामकेश जीवनपुरिया, विजेंद्र सिंह, विकास कुमार रहे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी- जिसमें ऑपरेशन सिन्दूर, सर्जिकल स्ट्राइक व अन्य मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें मयंक के दिशा-निर्देश व सहयोग से संचालित किया गया। विद्यालय के संचालक महेन्द्र कौशिक, राजेश कौशिक, विजेंद्र कौशिक व सभी अध्यापकों ने मुख्य अतिथियों व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को अनीता कुंडू और रामकेश जीवनपुरिया द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।



हिसार। आशा हाई स्कूल के छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए।



हिसार। पीजीएसडी प्राइमरी स्कूल के प्रधान बजरंग गर्ग ने बच्चों को स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देखकर सम्मानित किया। फोटो : हरिभूमि

### प्राथमिक विद्यालय हमारे जीवन की शुरुआती नींव

**हिसार।** पीजीएसडी प्राइमरी स्कूल का वार्षिक उत्सव स्कूल के प्रांगण में हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्कूल के प्रधान बजरंग गर्ग थे। जिसमें भारी संख्या में बच्चों व अभिभावकों ने भाग लिया। संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय हमारे जीवन की शुरुआती नींव है। प्राथमिक विद्यालय से हम अक्षर, ज्ञान, नैतिकता और सामाजिक व्यवहार सीखते हैं। यह वह स्थान है जो जिज्ञासा को जगाता है और हमें जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करता है। स्कूल का स्नेहमय, वातावरण व ज्ञान का प्रकाश दिलाता है। आए हुए अतिथियों का मुख्य अध्यापिका उषा गर्ग ने स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बजरंग गर्ग ने स्कूल के बच्चों को स्मृति चिन्ह व प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया।

## अतुलनीय शक्ति व सेवा के प्रतीक हैं हनुमान

- हनुमान मंदिर, जवाहर नगर के वार्षिक महोत्सव का तीसरा दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

रामभक्त हनुमान मंदिर समिति, गली नम्बर-2 जवाहर नगर के 31वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही हनुमान कथा के तीसरे दिन रोहतक से कथा व्यास अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवताचार्य श्रीराम निरमोही ने प्रवचन देते हुए कहा कि हनुमान जी, भगवान शिव के 11वें रुद्रावतार और पवनपुत्र हैं, जो रामभक्ति, अतुलनीय शक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। माता अंजना और वानर राज केसरी के घर जन्मे हनुमान ने बचपन में सूर्य को फल समझकर निगल लिया था। रामायण में उन्होंने लंका दहन, संजीवनी बूटी लाना और राम-रावण युद्ध में अहम भूमिका निभाई। हनुमान का जन्म माता अंजनी की तपस्या के बाद पवन देव की कृपा से हुआ था, इसलिए उन्हें पवनपुत्र भी कहा जाता है। जब कभी भी कोई भक्त हनुमानजी को याद करता है, वो दौड़े चले आते हैं और मनुष्य को हर संकट से निकालते हैं। इससे पूर्व हिसार के भजन सम्राट डॉ. मोहन तनेजा ने भजनों की वर्षा की। कथा में मुख्यातिथि के रुप में नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली व पार्षद राजेश अरोड़ा रिंकू ने भाग लिया। मंच संचालन ओमप्रकाश बजाज ने किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान इन्द्रचंद राठी, हनुमान राठी, प्रीतम छाबड़ा, के.के.सेहरा, भगतचंद मेहता, सूरजभान, हरबंस ग्रोवर, अमीरचंद वधवा, चिंरजीलाल राजपाल, दीपक पुजारी आदि रहे।



हिसार। हनुमान मंदिर जवाहर नगर में प्रवचन में उपस्थित श्रद्धालु।

## पूर्व मंत्री ओपी जिन्दल की पुण्यतिथि मनाई

# पूर्व मंत्री स्व. जिंदल के दिखाए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




पूर्व ऊर्जा मंत्री स्व. ओपी जिंदल की मंगलवार को 21वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और भावपूर्ण वातावरण में मनाई गई। यह कार्यक्रम जिंदल इंडस्ट्रीज परिसर में स्थित समाधि स्थल पर आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान सभी ने समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अलग-अलग वर्गों से श्रद्धा सुमन अर्पित करने आए लोगों ने कहा कि बाऊजी केवल एक सफल उद्योगपति ही नहीं, बल्कि एक महान समाजसेवी और प्रेरणास्रोत भी थे। उनकी सादगी, सेवा और समर्पण की भावना हमेशा याद किया जाएगा। उन्होनें न केवल उद्योग के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां स्थापित कीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए। वक्ताओं ने कहा कि बाऊजी युवाओं के लिए एक आदर्श हैं। उनके जीवन से हमें मेहनत, लगन और समाज सेवा का संदेश मिलता है। समाज सेवा के क्षेत्र में बाऊजी का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने जो उदाहरण स्थापित किया है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक रहेगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल, विधायक सावित्री जिंदल, विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व राज्यसभा डीपी वत्स, मेयर प्रवीण पोपली, मुन्ना तायल, कुलदीप भार्गव, एडवोकेट पीकेसंधीर, शकुंतला राजलीवाला, जगदीश जिन्दल, जगदीप भार्गव, पीसी मित्तल, कृष्ण गोरखपुरिया, पंकज महता, वेद रावल, डीएन सैनी, पूर्व पार्षद टीनू जैन, पार्षद जगमोहन मितल, संजय डालमिया, भीम महाजन, नवीन सेन, संजय गोयल, धर्मपाल सिवाच, संजीव रेवड़ी, विजय सिवाच, मनोज बंसल, डॉ. शिव सिंगल, स्नेहलता निंबल, मीनू अग्रवाल, गीना नागर, सुशील शर्मा, प्रवीन जैन, राधेश्याम अग्रवाल, वीरभान बंसल आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### लुवास में राजेश कुमार को मिली पदोन्नति

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयके कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार विश्वविद्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत राजेश कुमार को सहायक के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति के आदेश विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका द्वारा जारी किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित लुवास गैर-शिक्षक संघ के प्रधान तरुण तनेजा ने यूनियन की ओर से इस पदोन्नति पर विश्वविद्यालय प्रशासन, विशेष रूप से कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह ढाका का आभार व्यक्त किया।

### गलियों में जमा पानी से सातरोड के लोग परेशान

**हिसार।** सीवरेज ओवरफ्लो और पानी की पाइपलाइन लीकेज की वजह से सातरोड गांव के वार्ड नंबर 11 की गलियों में पानी जमा होने से लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परेशानी झेल रहे लोगों ने प्रशासन से उनकी इस समस्या को दूर करने की मांग की है।

### बालाजी मंदिर में आज निकाली जाएगी झाकियां

**नारनौंद।** मोठ रोड पर श्री बालाजी महाराज का जन्म दिवस उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया जाएगा। बुधवार को कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत ढंग से की जाएगी सबसे पहले हवन यज्ञ किया जाएगा। उसके बाद सुंदर झांकियां के साथ ध्वज परिक्रमा पूरे शहर में निकाली जाएगी। दो अप्रैल को सुबह बालाजी मंदिर में हवन यज्ञ का कार्यक्रम होगा उसके बाद सुंदरकांड का पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### देश में एकजुटता व संयम बनाए रखने की अपील

**हिसार।** अमेरिका व इजराइल और दूसरी तरफ ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के मद्देनजर देश में एकजुटता व संयम बनाए रखने की स्वदेशी जागरण मंच ने अपील की है। स्वदेशी जागरण मंच ने नागरिकों से अपील की है कि केवल सत्यापित और आधिकारिक सूचना स्रोतों पर ही भरोसा करें। स्वदेशी जागरण मंच से जुड़े प्रांतीय स्वदेशी मेला प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि जारी की गई अपील के तहत असत्यापित संदेशों और अफवाहों को आगे भेजने से बचने का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने और देश के व्यापक हित में जिम्मेदारी से कार्य करने के लिए कहा गया है।

### पंडित विनोद दुबे का दिव्य दरबार 2 को

**हिसार।** देव आदि देव महादेव एवं मां भगवती की कृपा से,हिसार में पहली बार सनातन धर्म के त्रिकालदर्शी ज्योतिष शिरोमणि पंडित विनोद दुबे जबलपुर वाले का ज्योतिष विज्ञान का चमत्कारी दिव्य दरबार 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक सेक्टर 15 के सामुदायिक केंद्र में होगा। यह जानकारी गुरु गोरखनाथ गोशाला के प्रधान व कार्यकम के आयोजकों सतीश कुमार, अजीत सिंह वर्मा व कर्मवीर सिंह दी। उन्होंने बताया कि त्रिकालदर्शी एवं ज्योतिष शिरोमणि पंडित विनोद दुबे कुंडली विश्लेषण के माध्यम दरबार मे उपस्थित श्रद्धालुओं के दुःखों का व समस्याओं का निवारण करेंगे।

### गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग में शपथ ग्रहण समारोह

# नर्सिंग सिर्फ पेशा नहीं, मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम : प्रो. सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** समारोह में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग में बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों में नर्सिंग पेशे के प्रति सेवा भाव, अनुशासन, नैतिकता एवं व्यावसायिक जिम्मेदारियों की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मकता एवं ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीन, फैकल्टी ऑफ मेडिकल साइंसेज, प्रो. सुमित्रा सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को करुणा, धैर्य एवं समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा निरंतर ज्ञान और कौशल को विकसित करने की प्रेरणा दी।

समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य संतोष हुड्डा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को नर्सिंग पेशे की गरिमा बनाए रखने, मरीजों के प्रति संवेदनशील रहने तथा अपने कार्य के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ समर्पित रहने का संदेश दिया। स्वागत संबोधन डा. शिखा पहुजा ने किया। धन्यवाद सम्बोधन व मंच संचालन प्रियंका ने किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शपथ ग्रहण समारोह रहा, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से नर्सिंग शपथ लेते हुए यह संकल्प लिया कि वे मरीजों की सेवा को सर्वोपरि रखेंगे, गोपनीयता बनाए रखेंगे, नैतिक मूल्यों का पालन करेंगे तथा अपने पेशे के उच्च आदर्शों के अनुरूप कार्य करेंगे।

# किराएदारों व नौकरों की पुलिस वेरिफिकेशन आवश्यक : एसपी

- अपराध पर नियंत्रण और सुरक्षा की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है पुलिस वेरिफिकेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने आमजन से अपील की है कि वे सुरक्षा की दृष्टि के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक होने के नाते किरायेदारों व नौकरों की वेरिफिकेशन जरूर करवाऐं। जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए किराएदार, नौकर व बाहर से आने वाले मजदूरों की वेरिफिकेशन करवाना जरूरी है

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घरों में रह रहे किरायेदारों, फैक्ट्री, दुकानों, होटल तथा ढाबा आदि पर काम कर रहे व्यक्तियों की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवाएं। क्योंकि कुछ अपराधी किस्म के लोग बाहर से आकर किराए पर रहकर अपराधों को अंजाम देकर भाग जाते हैं। उनका रिकॉर्ड ना तो मकान मालिक, ढाबा व होटल मालिक के पास होता और न ही पुलिस के पास होता है। अगर पुलिस के रिकॉर्ड में पहले से जानकारी हो तो अपराधी की पहचान करने व उसे पकड़ने में आसानी हो जाती है।

किराएदार और नौकर का सत्यापन करवाने से आपको पता लग जाता है कि यह व्यक्ति जो आपके पास किराएदार है। वह किस प्रवृत्ति का है, इसलिए कड़ी सुरक्षा के तहत इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए किराएदार व नौकरों का रिकार्ड सत्यापन जरूर करवाकर संबंधित पुलिस थाना में रिकॉर्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें।

#### हर समय पोर्टल व सरल केंद्र पर भी करवा सकते हैं वेरिफिकेशन

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला के सभी व्यापारिक संस्थान, उद्योग संस्थान, फैक्ट्री, होटल, ढाबा रेस्टोरेंट व ठेकेदार के पास जितने भी कर्मचारी हैं। उनकी वेरिफिकेशन करवा कर ही काम पर रखे। इनका रिकॉर्ड संबंधित थाना, चौकी में जमा करवाएं तथा जो लोग आपके पास काम कर रहे हैं उनका आधार कार्ड भी पुलिस के पास होना चाहिए। कोताही बरतने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हैबतपुर की सीमा ने बनीं सर्वोत्तम माता

### महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग ने करवाई प्रतियोगिता

- माताएं अपने बच्चों को खिलाएं पौष्टिक आहार : सुदेश राणा
- सभी सुपरवाइजर्स को गांव-गांव जाकर आंगनबाड़ी केंद्रों में जागरूकता अभियान चलाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



नारनौंद। विजेता महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करते सीडीपीओ सुदेश राणा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा सर्वोत्तम माता पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ सुदेश राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सुपरवाइजर गरिमा शर्मा ने बताया कि मंगलवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा नारनौंद के सीडीपीओ कार्यालय में सर्वोत्तम माता पुरस्कार का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गांव हैबतपुर की सीमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नारनौंद के वार्ड 7 की मंजू ने दूसरा, कोथ कलां की मंजू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता रानी वाली महिलाओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सीडीपीओ सुदेश राणा ने बताया कि समय-समय पर विभाग की तरफ से महिलाओं के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाता है महिलाओं को जागरुक भी किया जाता है। जिसमें गर्भावस्था से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों की उचित देखभाल, पोषण और उनके सर्वांगीण विकास क्यों बढ़ावा देना है। महिलाएं अपने बच्चों को पौष्टिक आहार खिलाए ताकि बच्चे स्वस्थ और हस्त पुष्ट रहे। इसके लिए सभी सुपरवाइजर गांव-गांव जाकर आंगनबाड़ी केंद्रों में जागरूकता अभियान चलाएं। इस अवसर पर सुपरवाइजर गरिमा शर्मा, सुनीता दुहन, मंजीत,रेनू,अनिल, रोहतास, जितेंद्र आदि मौजूद थे।

### खेल बजट की अदायगी का समय व तरीका हास्यास्पद

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य ऑडिटर पवन कुमार, राज्य उपप्रधान अलका, जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा व जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने कहा कि शिक्षा विभाग ने आनन - फानन में खेल बजट 30 मार्च को जारी किया है। उन्होंने बताया कि विभाग ने स्कूल मुखियाओं को आदेश जारी किया है कि 31 तारीख को ही खेल सामग्री खरीदनी है और उसी दिन उपयोगिता प्रमाण पत्र देना है। उन्होंने कहा कि विभाग की यह जल्दबाजी हास्यास्पद है। अध्यापक संघ नेताओं ने कहा कि यदि खेल सामग्री समय रहते खरीदी जाती तो यह और अधिक उपयोगी हो सकती थी। अध्यापक समय पर जरूरत के हिसाब से खेल सामग्री खरीद सकते थे। जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने बताया कि जिला हिसार के 849 स्कूलों को 85.40 लाख रुपये की राशि खेल सामग्री के लिये जारी की गई है और स्कूलों के मुखियाओं को जिला समन्वयक अधिकारी के कार्यालय में बुलाकर खेल सामग्री खरीदने के निर्देश जारी किए गए। उन्होंने बताया कि 9 से 12 के अध्यापकों के फरवरी के वेतन का बजट 29 मार्च तक मुहैया नहीं करवाया गया व जिला हिसार के सैकड़ों अध्यापक वेतन के लिए लगभग पूरे महीने तरसते रहे। इस तरह की कार्यशैली शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करती है।

## पति-पत्नी ने पदक जीतकर बढ़ाया मान, गांव पहुंचने पर हुआ स्वागत

- राष्ट्रीय पैरा लॉन बॉल्स प्रतियोगिता 2025-26 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन


**उकलाना।** विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

राष्ट्रीय पैरा लॉन बॉल्स प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खंड के गांव बुड्ढा खेड़ा के दिव्यांग खिलाड़ियों ने प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन गुवाहाटी में किया गया था। खिलाड़ियों के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया और खुशी का इजहार करते हुए जुलूस के रूप में पूरे गांव में घुमाया। गांव में खिलाड़ियों को वाहन की छत पर बिठाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया और महिलाएं नृत्य करते हुए उनके साथ गांव में पहुंचीं। सामान्य खिलाड़ियों द्वारा पदक जीतना आम बात मानी जाती है, लेकिन दिव्यांग खिलाड़ियों की इस विशेष उपलब्धि पर पूरे गांव ने बढ़-चढ़कर उनकी खुशी में भागीदारी निभाई और उनका सम्मान किया। प्रतियोगिता में श्याम सुंदर ने बी-6 वर्ग की डबल व ट्रिपल श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं पंकज भारद्वाज ने बी-1 वर्ग के सिंगल व डबल मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते। पवन कुमार ने बी-1 वर्ग के एकल मुकाबले में कांस्य पदक प्राप्त किया, जबकि शालू बाला ने बी-1 वर्ग के सिंगल मुकाबले में स्वर्ण पदक हासिल कर गांव का नाम रोशन किया। विशेष बात यह रही कि पवन कुमार और शालू बाला दोनों पति-पत्नी हैं और दोनों ने पदक जीतकर गांव और परिवार का गौरव बढ़ाया। वहीं पंकज भारद्वाज अपनी बेटी से प्रेरणा लेकर खेलों में आगे बढ़ी हैं और अब तक अनेक पदक जीत चुकी हैं। इस अवसर पर गांव के सरपंच सुखविंदर सिंह, पूर्व सरपंच केलाराम, जगदीश नंबरदार, वीरू गोसाई, राजेश धलोइया आदि मौजूद रहे।

## खेदड़ थर्मल प्लांट कर्मियों ने जताया रोष

- कर्मचारियों की लंबित मांगों को जल्द पूरा करें एमडी : कृष्ण नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला


**बरवाला।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते खेदड़ थर्मल प्लांट कर्मचारी।

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की केंद्रीय परिषद के निर्देशानुसार थर्मल खेदड़ यूनिट द्वारा एमडी एचपीजीसीएल पर मनमानीका आरोप लगाते हुए मंगलवार को लगातार छठे दिन एचपीजीसीएल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट उप प्रधान कृष्ण नैन ने की तथा संचालन सचिव सुरेश सैनी ने किया। इस दौरान यूनियन के राज्य उपप्रधान दलजीत पंघाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनिट उप प्रधान कृष्ण नैन ने कहा कि एमडी एचपीजीसीएल को मनमानी छोडक़र यूनियन केंद्रीय परिषद के साथ बैठक कर कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की मांगों में मुख्य रूप से वाहन भत्ता, प्रोजेक्ट एंड हार्डशिप भत्ता, चिकित्सा भत्ता, एजुकेशन भत्ता व बिजली भत्ता में वृद्धि, पदोन्नति व एसीपी देना, थर्मल खेदड़ में चिकित्सा बिल पास करने के लिए डॉक्टर की नियुक्ति करने सहित अनेक मांगें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपप्रधान शिव कुमार, उपप्रधान सत्यवान खटकड़, सहसचिव दीपक सहरावत, ऑडिटर दीपक कक्कड़, कैशियर रवि प्रकाश, किशन भारद्वाज, शिशपाल नैन, सरिता, अरुण, संदीप शर्मा, प्रियव्रत शर्मा, महेंद्र नैन, इंद्रपाल गोदारा, राजेंद्र चौटाला, मनफूल, आशा जीत, मनु धत्तरवाल व सुनील जाखड़ सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का हिसार तक विस्तार करने की मांग

**हिसार।** पूर्वाच्चल जन कल्याण संगठन समिति ने समिति की ओर से प्रधानमंत्री, केंद्रीय रेल मंत्री, रेलवे बोर्ड व हरियाणा के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर तथा पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को पत्र देकर प्रतिदिन हजारों यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 12801/12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का हिसार तक विस्तार करवाने का अनुरोध किया है।

डॉ. गुप्ता को पत्र देने वालों में समिति के प्रधान विनोद साहनी, संरक्षक डॉक्टर राधेश्याम शुक्ल, अनूप पांडेय, उपप्रधान एवं कानूनी सलाहकार अर्चना पांडेय, सचिव मुरलीधर पांडेय, कोषाध्यक्ष आचार्य शिव पूजन मिश्र, प्रेस सचिव रविंद्र सिंह, अवधेश प्रसाद, हरिश्चंद्र तिवारी, तारकेश्वर मिश्र, अनूप पांडेय, दिनेश पांडेय, मनीष, अनिल उपाध्याय आदि शामिल रहे। पत्र में कहा गया है कि 12801/12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का हिसार तक विस्तार क्षेत्र की एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं लंबे समय से लंबित जनहितकारी मांग है।

हिसार, भिवानी, रोहतक, सिरसा, फतेहाबाद एवं आसपास के क्षेत्रों में अनुमानतः लाखों लोग पूर्वी भारत (बिहार, उड़ीसा, झारखंड, पश्चिम बंगाल एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश) से जुड़े हैं। प्रतिदिन हजारों यात्रियों को इन क्षेत्रों की यात्रा के लिए दिल्ली/रोहतक/भिवानी के माध्यम से अतिरिक्त दूरी, समय एवं खर्च वहन करना पड़ता है, क्योंकि वर्तमान में कोई सीधी ट्रेन उपलब्ध नहीं है।

## जिंदल स्टेनलेस ने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ की साझेदारी

**हिसार।** भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने टी20 लीग टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के साथ ऑफिशियल स्टेनलेस पार्टनर के रूप में अपनी साझेदारी की घोषणा की है। यह जिंदल स्टेनलेस की इस तरह की पहली साझेदारी है, जहां क्रिकेट जैसे प्रभावशाली मंच के माध्यम से, वे ब्रांड की दृश्यता बढ़ाने और देश के युवाओं के साथ जुड़ाव को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस साझेदारी के तहत कंपनी को स्टेनलेस स्टील पाइप्स एवं ट्यूब्स, स्टेनलेस स्टील रीबार्स, और स्टेनलेस स्टील बरतन एवं सिंक्स जैसे प्रमुख उत्पाद श्रेणियों में विशेष ब्रांडिंग अधिकार प्राप्त होंगे। इस साझेदारी पर जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि सनराइजर्स हैदराबाद एक ऐसी टीम है जो लगातार अपने ऊर्जावान प्रदर्शन से दर्शकों को आकर्षित करती रही है। एसआरएच के साथ हमारी यह साझेदारी उपभोक्ताओं के साथ मजबूत जुड़ाव बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. शन्मुगम ने कहा कि हम जिंदल स्टेनलेस का अपने ऑफिशियल स्टेनलेस पार्टनर के रूप में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हैं।




### चोरी के मामले में उद्घोषित आरोपी सोमी उर्फ बबलू को किया गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस ने चोरी की वारदात में संलिप्त एक उद्घोषित आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सोमी उर्फ बबलू निवासी राजथल के रूप में हुई है। एएसआई कुलबीर कुमार ने बताया कि आरोपित सोमी उर्फ बबलू वासी राजथल चोरी के एक मामले में अदालत में पेशी के दौरान गैरहाजिर चल रहा था। इस पर अदालत ने 24 फरवरी को आरोपित सोमी को उद्घोषित आरोपित घोषित किया था। इसके बाद थाना नारनौंद में मामला दर्ज कर आरोपित युवक की तलाश शुरू की गई थी। पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए आरोपित सोमी उर्फ बबलू को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
**हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार**
**फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005**

### एचएयू में 'एजुकेशनल टेक्नोलॉजी' विषय पर हुआ रिफ्रेशर कोर्स

# एजुकेशनल टेक्नोलॉजी से बदल रहा शिक्षा का स्वरूप

शिक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी व्यक्तिगत और स्मार्ट बना रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज प्रतिभागियों के साथ।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'एजुकेशनल टेक्नोलॉजी' विषय पर रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन किया गया। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय में रिफ्रेशर कोर्स के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि एजुकेशनल टेक्नोलॉजी शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। आज के डिजिटल युग में एजुकेशनल टेक्नोलॉजी का उपयोग न केवल विद्यार्थियों के लिए बल्कि शिक्षकों के लिए और भी अधिक महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट क्लासरूम, ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म, वर्चुअल लैब और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे डिजिटल टूल्स विद्यार्थियों को ज्ञान प्राप्ति के नए अवसर प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एजुकेशनल टेक्नोलॉजी पर आधारित रिफ्रेशर कोर्स आज के डिजिटल युग में शिक्षकों के लिए बहुत आवश्यक है। एजुकेशनल टेक्नोलॉजी से शिक्षा का स्वरूप बदल रहा है। एजुकेशन टेक्नोलॉजी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका तेजी से बढ़ रही है और यह शिक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी, व्यक्तिगत और स्मार्ट बना रही है।

एआई डेटा विश्लेषण के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रगति का आकलन करता है और उनकी कमजोरियों एवं मजबूत पक्षों की पहचान करता है। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ रमेश कुमार यादव ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। एसोसिएट डायरेक्टर डॉ रेणु मुंजाल ने रिफ्रेशर कोर्स के दौरान आयोजित किए गए विभिन्न सत्रों की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. जितेन्द्र भाटिया ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मंच का संचालन डॉ. अनुराग ने किया।

### जियो और जीने दो भगवान महावीर का संदेश : नवीन

**हिसार।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर एवं वर्तमान शासन नायक प्रभु श्री महावीर स्वामी जी का 2625वां जन्म कल्याणक जयंती समारोह एस.एस. जैन सभा पीएलए जैन स्थानक में मनाया गया। सभा के महामंत्री एवं एचएयू के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने बताया कि इस दिवस को सामयिक दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर संदीप जैन, महेन्द्रपाल जैन, आर के जैन व विजय जैन आदि ने मधुर गीतों से प्रभु महावीर की वाणी का गुणगान किया। समाज के अनेक श्रावक, श्राविकाओं ने इस दिन कई-कई सामायिक करके धर्मलाभ लिया। नवीन जैन ने बताया कि भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो का है। महावीर भगवान के अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह व अनेकान्त आदि नियमों पर चलकर पूरा विश्व शांति की राह पर चल सकता है।